That, Assignor mentioned herein below has assigned the financial assets to **Edelweiss Asset Reconstruction Company Limited** also acting on its own/in its capacity as trustee of various trusts mentioned hereunder (hereinafter referred as "EARC"). Pursuant to the assignment agreements, under Sec.5 of SARFAESI Act, 2002, EARC has stepped into the shoes of the Assignor and all the rights, title and interests of Assignor with respect to the financial assets along with underlying security interests, guarantees, pledges have vested in EARC in respect of the financial assistance availed by the Borrower and EARC exercises all its rights as the secured creditor.

The undersigned being the Authorized Officer of the Edelweiss Asset Reconstruction Company Limited ("EARC") under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002. In exercise of powers conferred under the Section 13 (12) of the Act read with rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, the Authorised Officer has issued Demand Notice under section 13 (2) of The Act, calling upon the following borrower(s) of Assignor mentioned below, to repay the amounts mentioned in the respective Demand Notice issued to them. In connection with above, Notice is hereby given once again, to the Borrower(s) to pay EARC, within 60 days from the publication of this notice, the amounts indicated herein below, together with further interest as detailed in the said Demand Notice, from the date(s) mentioned below till the date of payment and/or realization, payable under the loan agreement read with other documents/writings, if any, executed by the said borrower(s). As security for due repayment of the loan, the following asset have been mortgaged to EARC by the said borrower(s) respectively.

Sl No	Name Of The Borrower(s)/ Co-Borrower (s)/ Loan Account Number	Demand Notice Date & Amount	Assignor & Details of the Trust
1	1) Mrs. Mamta Devi (Borrower) 2) Mr. Balbir SinghC (Co-Borrower) LAN:- IL10763973	22-06-2026 and Rs. 7,73,074.79/- as on 22.06.2026	IIFL Home Finance Limited & EARC TRUST SC- 474

DESCRIPTION OF THE PROPERTY: All That Is Part And Parcel Of Arazi Khevat / Khatauni No. 22/28 Khasra No. 70 Area 07 Marla, 1/2 Part Of Bakdar 3.5 Marla Area Mauja Kapurikalan H.B. No. 294 Tehsil Bilaspur District Yamunanagar, According To Jamabandi Year 2018-19 And Intakal No. 625. The Measurement Is As Follows, In Which The Lane Side Is 28 Feet 05 Inches In The North, The Plot Satpal Side Is 28 Feet 05 Inches In The South, Lane Side Is 33 Feet In The East, Other Side Is 33 Feet In The West, Area Is 105 Square Yards.

If the said Borrowers shall fail to make payment to EARC as aforesaid, EARC shall proceed against the above secured assets under the section 13 (4) of the Act and applicable rules, entirely at the risks of the said Borrower(s) as to costs and consequences. The borrowers are prohibited under The Act from transferring the aforesaid assets, whether by way of sale, lease or otherwise without the prior written consent of EARC. Any person who contravenes or abets contravention of the provisions of the Act or Rules made thereunder, shall be liable for imprisonment and/or penalty as provided under the Act.

Place: DELHI **Sd/- Authorized Officer**
Date: 10.07.2026 **For Edelweiss Asset Reconstruction Company Limited**

Edelweiss Asset Reconstruction

SBEC SYSTEMS (INDIA) LIMITED
CIN: L74210DL1987PLC029979
Regd Off: 1400, Hemkunt Tower, 98, Nehru Place, New Delhi-110019
Ph.: 011-42504954/4878, Fax: 28293822
Email id: sbecsystems@rediffmail.com website: www.sbecsystems.in

OPENING OF SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES.

Shareholders of the Company are hereby informed that Pursuant to SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, a special window has been further opened for open for a period of one year, from February 5, 2026 to February 4, 2027.for transfer and dematerialization ("demat") of physical shares that were sold or purchased prior to April 1, 2019.

This facility shall also be available for transfer requests that were submitted earlier but were rejected, returned, or not processed due to deficiency (ies) in documentation, procedural issues, or any other reason.

Shareholders may further note that shares transferred under this special window shall be mandatorily credited to the transferee only in dematerialized form and shall be subject to a lock-in period of one year from the date of registration of transfer. During the said lock-in period, such securities shall not be transferred, lien-marked, or pledged.

Shareholders are requested to re-lodge such cases with all the related documents with the Registrar to an Issue and Share Transfer Agent (RTA) on or before February 4, 2027, at M/s Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd, Beetal House, 3rd Floor, 99, Madangir, Behind Local Shopping Centre, Near Dada Harsukhdas Mandir, New Delhi- 110062, beetalrta@gmail.com.

For SBEC Systems India Limited
Sd/-
Himani Mittal
Date: 09.07.2026 **(Company Secretary)**
Place: New Delhi **M.N. ACS 37715**

RBL BANK apno ka bank
RBL BANK LTD.
REGISTERED OFFICE: 1st Lane, Shahupuri, Kolhapur-416001
National Operating Centre : 9th Floor, Techniplex-I, Off Veer Savarkar Flyover, Goregaon (West) Mumbai - 400062.

GOLD AUCTION CUM INVITATION NOTICE

The below mentioned borrower has been served with demand notices to pay outstanding amount towards the loan facility against gold ornaments ("Facility") availed by them from RBL Bank Limited. Since the borrower has failed to repay dues under the Facility, we are constrained to conduct an auction of the pledged gold ornaments on **17-07-2026.**

In the event any surplus amount is realised from this auction, the same will be refunded to the concerned borrower and if there is a deficit post the auction, the balance amount shall be recovered from the borrower through appropriate legal proceedings. RBL Bank has the authority to remove following account from the auction without prior intimation. Further, RBL Bank reserves the right to change the Auction Date without any prior notice.

Sr. No.	Account Number	Branch Name	Borrower's Name	Details of Gold Ornament (in gms)	
1.	809010394545	Krishna Nagar	NASHRAH .	TOTAL_GROSS_WT	178.6
				TOTAL_IMPURITY	7.45
				TOTAL_STONE_WT	26
				TOTAL_NET_WT	145.15
2.	809010511036	Palm Square, Golf	MADHU SHARMA	TOTAL_GROSS_WT	69.6
				TOTAL_IMPURITY	6.00
				TOTAL_STONE_WT	0.5
				TOTAL_NET_WT	63.1
3.	809010883614	Gopal Mandir Road	BHAGWATI PRASAD	TOTAL_GROSS_WT	10.74
				TOTAL_IMPURITY	0.59
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	10.15
4.	809010375133	Jasola Branch	SHRI BHAGWAN SHAW	TOTAL_GROSS_WT	22.55
				TOTAL_IMPURITY	0.55
				TOTAL_STONE_WT	5.5
				TOTAL_NET_WT	16.5
5.	809010914589	Sector 14, Gurgaon	LATIKA .	TOTAL_GROSS_WT	10.2
				TOTAL_IMPURITY	0.80
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	9.4
6.	809010405072	GMS Road - Dehradun	PRADEEP KUMAR	TOTAL_GROSS_WT	34.01
				TOTAL_IMPURITY	1.80
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	32.21
7.	809011483633	Moradabad	MOHD UVESH	TOTAL_GROSS_WT	14.4
				TOTAL_IMPURITY	0.90
				TOTAL_STONE_WT	0.1
				TOTAL_NET_WT	13.4
8.	809011520271	Najafgarh Road,	ANTESH KUMAR GIRI	TOTAL_GROSS_WT	23.1
				TOTAL_IMPURITY	1.00
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	22.1
9.	809011528714	Palm Square, Golf	SHIVANI TIWARI	TOTAL_GROSS_WT	44
				TOTAL_IMPURITY	0.70
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	43.3
10.	809011305672	Krishna Nagar	ABHISHEK MISHRA	TOTAL_GROSS_WT	97.1
				TOTAL_IMPURITY	2.90
				TOTAL_STONE_WT	12.3
				TOTAL_NET_WT	81.9
11.	809011927252	Najafgarh Road,	GAURAV SHARMA	TOTAL_GROSS_WT	265.3
				TOTAL_IMPURITY	8.80
				TOTAL_STONE_WT	21.8
				TOTAL_NET_WT	234.7
12.	809011933022	Prashant Vihar	RAKESH KUMAR DUREJA	TOTAL_GROSS_WT	228.7
				TOTAL_IMPURITY	5.90
				TOTAL_STONE_WT	3.3
				TOTAL_NET_WT	219.5
13.	809011930566	Kailash Colony	NIRMALA DEVI	TOTAL_GROSS_WT	45.3
				TOTAL_IMPURITY	1.30
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	44
14.	809011957943	Najafgarh Road,	BHASKAR RAI	TOTAL_GROSS_WT	105.4
				TOTAL_IMPURITY	3.10
				TOTAL_STONE_WT	3.8
				TOTAL_NET_WT	98.5
15.	809012112918	Karol Bagh	SURAJ	TOTAL_GROSS_WT	185.6
				TOTAL_IMPURITY	5.60
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	180
16.	809012109251	Kailash Colony	NIRMALA DEVI	TOTAL_GROSS_WT	25.8
				TOTAL_IMPURITY	0.80
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	25
17.	809012139517	Krishna Nagar	HEENA	TOTAL_GROSS_WT	77.8
				TOTAL_IMPURITY	2.45
				TOTAL_STONE_WT	1.45
				TOTAL_NET_WT	73.9
18.	809012113591	Karol Bagh	BIPUL KUMAR	TOTAL_GROSS_WT	250.6
				TOTAL_IMPURITY	8.60
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	242
19.	809011918582	C R Park, New Delhi	GURDEEP SINGH	TOTAL_GROSS_WT	168.3
				TOTAL_IMPURITY	2.60
				TOTAL_STONE_WT	7.1
				TOTAL_NET_WT	158.6
20.	809011668146	Ambedkar Road, Ghaziabad	ARPIT SAXENA	TOTAL_GROSS_WT	44.2
				TOTAL_IMPURITY	2.60
				TOTAL_STONE_WT	1.3
				TOTAL_NET_WT	40.3
21.	809012136343	Najafgarh Road,	KRISHAN SINGH	TOTAL_GROSS_WT	242.71
				TOTAL_IMPURITY	9.03
				TOTAL_STONE_WT	9.68
				TOTAL_NET_WT	224
22.	809011950001	Rdc Ghaziabad	ARPIT SAXENA	TOTAL_GROSS_WT	37.45
				TOTAL_IMPURITY	3.45
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	34
23.	809011546358	Prashant Vihar	SONI JHA	TOTAL_GROSS_WT	45.4
				TOTAL_IMPURITY	1.80
				TOTAL_STONE_WT	1.9
				TOTAL_NET_WT	41.7
24.	809011390634	Noida	RAGHAV KUMAR THAKUR	TOTAL_GROSS_WT	13.7
				TOTAL_IMPURITY	0.70
				TOTAL_STONE_WT	0
				TOTAL_NET_WT	13
25.	809011941261	Indirapuram Ghaziabad	PRITI VARMA	TOTAL_GROSS_WT	252.04
				TOTAL_IMPURITY	6.74
				TOTAL_STONE_WT	35
				TOTAL_NET_WT	210.3

The online auction will be held on https://egold.auctiontiger.net or https://rblegold.auctiontiger.net on 17-07-2026 from 002:00 PM to 05:00 PM IST.
Intending bidders should contact M/s. e-Procurement Technologies Ltd. (AuctionTiger) at 6351896640 / 7984129853.
For detailed Terms and Conditions, please visit the auction portal.

Place : Delhi NCR **Authorized Officer**
Date : 10-07-2026 **RBL Bank Ltd.**

बॉक्सर को भेजा था पीड़ित के ऑफिस का वीडियो

10 करोड़ की रंगदारी केस में हैरी बॉक्सर से जुड़ा टीचर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज >> नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने हैरी बॉक्सर-लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक बीटेक ग्रेजुएट को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमित बिश्नोई उर्फ रुद्र प्रताप सिंह (35) निवासी हिसार, हरियाणा मैथ्स का टीचर है। इस पर पीड़ित के ऑफिस की रेकी करने और उसका वीडियो बॉक्सर के साथ शेयर करने का आरोप है। बॉक्सर ने पीड़ित से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी थी।

डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के अनुसार रंगदारी के संबंध में मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन में 8 जुलाई को केस दर्ज किया गया था। दरअसल 15 जुलाई को मुखर्जी नगर के रहने वाले पीड़ित को एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें 10 करोड़ देने से इनकार करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। कॉलर ने खुद को हैरी बॉक्सर बताया था और एक हफ्ते के भीतर पैसे देने के लिये कहा था। बॉक्सर ने पैसे ऐंठने की कोशिश में कई इंटरनेशनल नंबरों का इस्तेमाल किया। उसने पीड़ित के ऑफिस का वीडियो भी शेयर किया और उसे बम से उड़ाने की धमकी भी दी थी। केस की जांच के बाद पुलिस अमित बिश्नोई तक पहुंची। वह फरीदाबाद से बीटेक ग्रेजुएट है। उसने दिल्ली के मुखर्जी नगर में यूपीएससी और एसएससी परीक्षाओं की तैयारी की थी। 2018 से वह मुखर्जी नगर में अलग-अलग कोचिंग सेंटरों में मैथ्स टीचर के तौर पर काम कर रहा था। 2014 में हरियाणा में एक कॉमन फ्रेंड के जरिए उसकी लॉरेंस बिश्नोई से जान पहचान हुई थी। बाद में उन्होंने हैरी बॉक्सर से संपर्क किया, जिसने उसे पीड़ित के परिवार और बिजनेस के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का काम सौंपा था।

'सक्षम' कार्यक्रम से सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को मिल रही नई गतिः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज >> नई दिल्ली

■ मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूल में एआई इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट, स्टेम इनोवेशन लैब, आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम आदि का किया उद्घाटन

लाडली फाउंडेशन द्वारा हनीवेल टेक्नोलॉजी के सीएसआर सहयोग से चलाए जा रहे 'सक्षम' कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा, विज्ञान, नवाचार और स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिल रही है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार गांव स्थित राजकीय बालिका सीनियर माध्यमिक विद्यालय में सक्षम' कार्यक्रम के तहत कई आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन करने के अवसर पर कहीं। इनमें एआई इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट, स्टेम इनोवेशन लैब, आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम और छात्राओं के स्वास्थ्य व जागरूकता से जुड़े विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत की मजबूत नींव आधुनिक, वैज्ञानिक और तकनीक आधारित शिक्षा से ही तैयार होगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास, विज्ञान और इनोवेशन को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार भी इसी दृष्टि के अनुरूप सरकारी विद्यालयों में आधुनिक अवसंरचना विकसित कर रही है, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विद्यालय परिसर में स्थापित एआई-इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट का उद्घाटन किया। वहीं मुख्यमंत्री ने विद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक स्टेम इनोवेशन लैब का भी उद्घाटन किया। इन प्रयोगशालाओं में छात्राओं को रोबोटिक्स, एआई, कोडिंग, आईओटी, स्पेस साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजाइन थिंकिंग और इनोवेशन आधारित प्रैक्टिकल लर्निंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 3 हजार छात्राओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत छात्राओं का मेडिकल चेक अप, आई स्क्रीनिंग, आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मों का वितरण, डिवार्मिंग अभियान और मेंस्ट्रुअल हाइजीन अवेयरनेस सेशन आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे छात्राओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं आत्मविश्वास को मजबूत किया जा सके। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान स्टेम इनोवेशन लैब में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अमेरिका के अलबामा राज्य में स्थित यूनाइटेड स्टेट्स स्पेस एंड रॉकेट सेंटर (यूएसएसआरसी) में आयोजित प्रतिष्ठित स्पेस साइंस प्रोग्राम के लिए चयनित होने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण के लिए विभिन्न विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने टाटा पावर-डीडीएल (टीपीडीडीएल) द्वारा क्षेत्र में वर्षों से संचालित खुली बिजली की तारों को सुरक्षित इंसुलेटेड (एबी) केबलों एवं भूमिगत विद्युत लाइनों में परिवर्तित करने की परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 33 केवी एवं 11 केवी की ओवरहेड बिजली लाइनों का चरणबद्ध तरीके से भूमिगतकरण और इंसुलेटेड केबलों में परिवर्तन किया जाएगा।

सरकार ने 31 हजार 700 से ज्यादा ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन जब्त किए : डॉ. पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने अपने विशेष एनफोर्समेंट अभियान के तहत दिल्ली के पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया में एक फार्मास्यूटिकल प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 31 हजार 700 ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन जब्त किए गए, जिन्हें कथित तौर पर अनिवार्य कोल्ड चेन स्टोरेज के तय मानकों का उल्लंघन करते हुए रूम टेंपरेचर पर रखा गया था। निरीक्षण के दौरान ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने पाया कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन आईपी 5 आईयू/एमएल (जो तापमान के प्रति संवेदनशील दवा है) के एक बैच को प्रोडक्ट लेबल पर साफ तौर पर बताई गई जरूरी स्टोरेज शर्तें 2 डिग्री सेल्सियस से 8 डिग्री सेल्सियस के बजाय सामान्य कमरे के तापमान पर रखा गया था। यह स्टॉक मई 2026 में खरीदे जाने के बाद से कथित रूप से इसी स्थिति में रखा हुआ था। ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्टॉक को ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 65 (17) के प्रावधानों के अनुरूप नहीं रखा गया था। हालांकि, परिसर में एक वॉक-इन रेफ्रिजरेटर मौजूद था, लेकिन उसमें कोल्ड स्टोरेज में रखी जाने वाली कोई भी दवा नहीं रखी गई थी। ऑक्सीटोसिन के महत्वपूर्ण इलाज संबंधी इस्तेमाल और लंबे समय तक गलत तरीके से स्टोर करने पर इसकी प्रभावशीलता (पोटेंसी) कम होने की संभावना को देखते हुए ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने जनहित में किसी भी संभावित खतरे से बचाने के लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के प्रावधानों के तहत इसका पूरा स्टॉक को जब्त कर लिया। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि नागरिकों को मिलने वाली हर दवा की क्वालिटी, सुरक्षा और असर के सर्वोच्च मानकों पर खरी उतरे। मरीजों की सुरक्षा से समझौता करने वाली किसी भी तरह की लापरवाही, खासकर जीवनरक्षक और गंभीर बीमारियों की दवाओं के मामले में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रोहिणी इमारत हादसाः मरने वालों की संख्या हुई तीन

हरिभूमि न्यूज >> नई दिल्ली

■ मलबे से निकाला गया एक मजदूर अस्पताल में भर्ती

■ पुलिस ने लापरवाही की धाराओं के तहत केस दर्ज किया

रोहिणी इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत ढहने के बाद बुधवार रात भर चले बचाव अभियान के दौरान मलबे से दो और शव बरामद किए गए। इसके साथ ही हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। मलबे से निकाला गया एक मजदूर अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज की है।

डीसीपी शशांक जायसवाल ने बताया कि रेस्क्यू अभियान के दौरान एक मजदूर को मलबे से जीवित निकाला गया है और उसकी पहचान सद्दाम उर्फ रवि (32) के रूप में हुई है। वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान तीन शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान स्थानीय दर्जी राम (42), मजदूर काफे उर्फ नुरुल (24) और राम दुआ (62) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि राम दुआ इमारत के मालिक के पिता हैं। राम दुआ को अस्पताल ले जाया गया था जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो शवों को लंबे समय तक चले तलाश अभियान के बाद मलबे से बाहर निकाला गया। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। हालांकि, मलबा हटाने का काम गुरुवार को दिनभर जारी रहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मलबे में कोई और तो नहीं फंसा है। जायसवाल ने कहा कि इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और इमारत ढहने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। गौरतलब है कि यह हादसा बुधवार शाम चार बजकर 28 मिनट पर सेक्टर-16 स्थित नगर निगम के एक स्कूल के पास हुआ। इसके बाद पुलिस, डीएफएस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), राजस्व विभाग और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया तथा मलबा हटाने के लिए भारी मशीनरी लगाई गई थी।

रेखा गुप्ता सरकार ने साकेत हादसे से सबक नहीं लीः भारद्वाज

नई दिल्ली। आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बुधवार को रोहिणी में गिरी इमारत से पहले साकेत हादसे से भी रेखा गुप्ता सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। गिरी हुई इमारत के मलबे से चार शव निकाले जा चुके हैं, हर बार की तरह इस बार भी सरकार की ऐसे हादसे पर जीरो जवाबदेही नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा सरकार का दिल्ली की सभी इमारतों का सेफ्टी ऑडिट कराने का दावा फर्जी था। क्या सरकार और एमसीडी ने सेफ्टी ऑडिट के नाम पर व्यापारियों से मोटी रिश्वत वसूलने का काम किया। हर घटना के बाद सरकार दिखावे के लिए छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर मगरमच्छों को बचा लेती है। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार की जीरो जवाबदेही रह गई है।

खबर संक्षेप

चाकू की नोक पर कैब लूटने वाले तीन दबोचे

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में चाकू की नोक पर एक कैब चालक से उसकी टैक्सी और कीमती सामान लूटने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम मोहम्मद कैफ (25), जुबैद अली (22) और कैफ (20) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार, कैब चालक ने मंगलवार रात शिकायत दर्ज कराई कि ऐप के माध्यम से उसकी गाड़ी बुक की गई और उसमें तीन लोग सवार हुए। इसके बाद फतेहपुर बेरी इलाके में एक सुनसान स्थान पर पहुंचने के बाद तीनों ने उसे चाकू के बल पर धमकाया, उस पर हमला किया और टैक्सी, मोबाइल फोन, पर्स और अन्य सामान लेकर भाग गए। जांच के दौरान तीनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने लूटी गई टैक्सी, शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन, गाड़ी बुक करने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन, पर्स और पीड़ित के दस्तावेज बरामद कर लिये है। पुलिस ने कहा कि आरोपी देर रात मोबाइल ऐप के माध्यम से टैक्सी बुक करके कैब चालकों को निशाना बनाते थे और एकांत स्थान पर ले जाकर उन्हें लूट लेते थे।

नजफगढ़ में कार के अंदर मृत मिला शख्स

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ में दिचाऊं डिपो के पास एक कार से 40 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान कानपुर के यशोदा नगर निवासी नीरज शुक्ला (40) के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पीसीआर को बुधवार को सूचना मिली कि दिचाऊं डिपो के पास अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 इलाके में एक कार में एक व्यक्ति बेसुध अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि व्यक्ति कार की अगली यात्री सीट पर अचेत अवस्था में पड़ा था। घटनास्थल का निरीक्षण करने और साक्ष्य जुटाने के लिए जिला क्राइम टीम को बुलाया गया।

स्विमिंग पूल में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज >> नई दिल्ली

नजफगढ़ इलाके में एक निजी स्कूल के स्विमिंग पूल में तैरते समय 26 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम झाड़ौदा गांव निवासी राहुल राय बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिये जाफरपुर स्थित राव तुलाराम अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार तारक अस्पताल से सूचना मिली थी कि नजफगढ़ के भोली राम पब्लिक स्कूल के पूल में तैरते समय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई है। इसके बाद एक टीम अस्पताल पहुंची। प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि राहुल बुधवार शाम अपने तीन दोस्तों सूरज सिंह, तरुण कुमार और भविष्य के साथ स्कूल के स्विमिंग पूल में नहाने और तैराकी के लिए गया था। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह पूल में डूब गया, जिसके बाद उसके दोस्त और मौके पर मौजूद अन्य लोग उसे तारक अस्पताल ले गए। हालांकि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वह कैसे डूबा और क्या घटना के समय वहां पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक राहुल एक निजी कंपनी में कार्यरत था, जहां वह कार्डबोर्ड कार्टन पैक करने का काम करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद पुलिस ने स्विमिंग पूल और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया। जांच के तहत राहुल के दोस्तों और मौके पर मौजूद अन्य लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ठगी में शामिल कॉल सेंटर के छह अरेस्ट

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। 1 लाख 31 हजार के क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार करावल नगर निवासी अमित कुमार द्वारा इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह मामला लगभग 1.31 लाख की साइबर धोखाधड़ी से संबंधित था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें बैंक प्रतिनिधि बनकर फोन किया गया था। उसने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर दिया। धोखे से क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल करके बिना अनुमति के ट्रांजेक्शन कर लिये गये। जांच के दौरान पता चला कि ठगी गई रकम का इस्तेमाल ब्लिंकिट के माध्यम से खरीदारी करने में किया गया था, जिसमें एक सैमसंग मोबाइल फोन शामिल है। तकनीकी विश्लेषण से अनीश गुप्ता की पहचान हुई, जो शिकायतकर्ता से संपर्क करने और उन्हें धोखा देने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन को चला रहा था। अनीश गुप्ता को पकड़ा गया और लगातार पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में किराए के फ्लैट से चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर में काम कर रहा था। इसके बाद पुलिस टीम ने उस जगह पर छापा मारा और अवैध कॉल सेंटर चलाने वाले पर और आरोपियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। पकड़े गये अन्य के नाम मिहिर सोलंकी, ध्रुव, सिमरन, इशिका और बॉबी श्रेष्ठ हैं। जांच में यह बात सामने आई कि मिहिर सोलंकी और सिमरन फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे, जबकि इशिका और ध्रुव कॉलर के तौर पर काम करते थे। आरोपी ध्रुव पहले साइबर क्राइम से जुड़े दो मामलों में शामिल पाया गया है। बॉबी श्रेष्ठ भी पहले साइबर क्राइम से जुड़े एक मामले में शामिल रहा है।

इनकम टैक्स भर्ती के नाम पर चल रहे फर्जी रैकेट का भंडाफोड़

■ इनकम टैक्स विभाग के पूर्व एमटीएस कर्मचारी समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य जिले की हौज काजी पुलिस ने इनकम टैक्स भर्ती के नाम पर चल रहे एक फर्जी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इनकम टैक्स विभाग के पूर्व एमटीएस कर्मचारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सिविक सेंटर स्थित इनकम टैक्स विभाग में फर्जी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। अपराध में इस्तेमाल किए गए फर्जी वेरिफिकेशन फॉर्म, पीड़ितों के पहचान पत्र और मोबाइल फोन आदि चीजें जब्त की गई है। शिकायतकर्ता के साथ सरकारी नौकरी का झूठा वादा कर दो लाख की धोखाधड़ी की गई थी। आशंका है कि इस गिरोह ने छह से सात पीड़ितों से करीब 10 लाख की धोखाधड़ी की है। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार 18 मई को हौज काजी थाने को सरकारी नौकरी में भर्ती के नाम पर चल रहे एक फर्जी रैकेट के बारे में जानकारी मिली थी। अजमेरी गेट निवासी एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि नवीन प्रकाश, दीपक तिवारी और रोहित चौहान ने इनकम टैक्स विभाग में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) पद दिलाने का झूठा वादा करके उसके साथ धोखाधड़ी की है। दिसंबर 2025 के दौरान आरोपी नवीन प्रकाश ने खुद को इनकम टैक्स विभाग का कर्मचारी बताया था और एमटीएस की नौकरी दिलाने का भरोसा देकर शिकायतकर्ता को झांसे में लिया था। बाद में उसने अपने साथी दीपक तिवारी से शिकायतकर्ता को मिलवाया, जिसने अजमेरी गेट स्थित बटीकान मंदिर में पांच हजार नकद लिए और आगे के ट्रांसफर के लिए आरोपी रोहित चौहान के बैंक खाते की जानकारी दी। उनकी झूठी बातों पर भरोसा करके शिकायतकर्ता ने 22 दिसंबर 2025 और 31 दिसंबर 2025 के बीच डिजिटल ट्रांजैक्शन के जरिए अपनी पूरी पीएफ राशि यानी 1,98,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। नकद भुगतान को मिलाकर शिकायतकर्ता को कुल 2,03,500 रुपये का नुकसान हुआ। आरोपियों ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीतने के लिए नकली इनकम टैक्स वेरिफिकेशन फॉर्म का भी इस्तेमाल किया। वे मार्च 2026 तक झूठे वादे करते रहे और उसके बाद सभी गायब हो गए थे। कई छापेमारी के बाद रोहित चौहान को तीन जुलाई को रोहिणी इलाके से पकड़ा गया। आगे की जांच में विशाल अग्रवाल और तरुण गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने केस में पवन दत्त शर्मा नामक शख्स को भी बाउंड किया है। विशाल अग्रवाल उर्फ नवीन प्रकाश पटेल विहार, करावल नगर का रहने वाला है।